# CODE : 03/A

# 503/A

Roll No. : ..........................................

Total No. of Questions : 11 ]

[ Total No. of Printed Pages : 8

**X**

**2326**

**वार्षिक परीक्षा प्रणाली**

# HINDI

**(Morning Session)**

**Time Allowed : 3 Hours** | **Maximum Marks : 80**

नोट : *(i)* अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड के खाने में विषय-कोड/पेपर कोड 03/A अवश्य भरें।

*(ii)* जैसे ही आप उत्तर-पुस्तिका प्राप्त करें, सुनिश्चित करें कि पुस्तिका में मुख पृष्ठ सहित 24 पृष्ठ हैं और ठीक से क्रमबद्ध हैं।

*(iii)* उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/पृष्ठों के पश्चात् हल किए गए प्रश्न/प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

*(iv)* कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा हुआ उत्तर न काटें।

*(v)* **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

*(vi)* लिखाई सुन्दर एवं साफ हो।

## भाग - क

1. I. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : $5 \times 1 = 5$

(i) पितृ + अर्पण शब्दों में संधि का सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(क) पित्रपर्ण (ख) पित्रर्पण

(ग) पित्रार्पण (घ) पित्रापर्ण

(ii) 'यज्ञशाला' समस्त पद का **सही** समास विग्रह चुनिए :

(क) यज्ञ से शाला

(ख) यज्ञ में शाला

(ग) यज्ञ के लिए शाला

(घ) यज्ञ की शाला

(iii) 'धीर' शब्द की **सही** भाववाचक संज्ञा चुनकर लिखिए :

(क) धीरता

(ख) धीरजता

(ग) धीरज

(घ) (क) और (ग) दोनों विकल्प सही हैं

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'आकाश' का पर्यायवाची **नहीं** है ?

(क) शून्य (ख) अक्षर

(ग) निलय (घ) अनंत

(v) 'भूलना' शब्द का **सही** विशेषण चुनकर लिखिए :

(क) भूलभलैया (ख) भूल

(ग) भुलक्कड़ (घ) भूला

II. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'दोहावली' पाठ के अनुसार संत किसकी भाँति नीर-क्षीर विवेक करते हैं ?

(क) राक्षस (ख) तुलसीदास

(ग) वानर (घ) हंस

(ii) रहीम जी के अनुसार ज्ञानी व्यक्ति संपत्ति का संचय किस लिए करते हैं ? 'नीति के दोहे' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(क) स्वहित के लिए

(ख) राज हित के लिए

(ग) अपने सगे संबंधियों के लिए

(घ) परहित के लिए

(iii) नौकर ने बसंती का सामान कहाँ रखा था ? 'माँ का कमरा' लघुकथा के आधार पर उत्तर दीजिए :

(क) नौकरों वाले कमरे में

(ख) ड्राइंग रूम में सोफे पर

(ग) ड्राइंग रूम में कुर्सी पर

(घ) बरामदे के साथ वाले कमरे में

(iv) स्कूल बस में छात्र-छात्राएँ कहाँ जा रहे थे ? 'अहसास' लघुकथा के आधार पर उत्तर दीजिए :

(क) घर से अपने स्कूल जा रहे थे।

(ख) शैक्षिक भ्रमण के लिए जा रहे थे।

(ग) क्रिकेट मैच देखने के लिए जा रहे थे।

(घ) स्कूल से अपने घर जा रहे थे।

III. 'बाएँ हाथ का खेल' मुहावरे का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें : $1 \times 1 = 1$

(क) क्रिकेट के खेल में बाएँ हाथ से खेलना।

(ख) सरल कार्य।

(ग) मुश्किल कार्य।

(घ) किसी भी खेल को बाएँ हाथ से खेलना।

IV. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

जब समाचार-पत्रों में सर्वसाधारण के लिए कोई सूचना प्रकाशित की जाती है तो उसको विज्ञापन कहते हैं। यह सूचना नौकरियों से संबंधित हो सकती है, खाली मकान को किराये पर उठाने के संबंध में हो सकती है या किसी औषधि के प्रचार से संबंधित हो सकती है। कुछ लोग विज्ञापन के आलोचक हैं। वे इसे निरर्थक मानते हैं। उनका मानना है कि यदि कोई वस्तु यथार्थ रूप में अच्छी है तो वह बिना किसी विज्ञापन के ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो जाएगी जबकि खराब वस्तुएँ विज्ञापन की सहायता पाकर भी भंडाफोड़ होने पर बहुत दिनों तक टिक नहीं पाएँगी, परन्तु लोगों की यह सोच गलत है। आज के युग में मानव का प्रचार-प्रसार का दायरा व्यापक हो चुका है। अतः विज्ञापनों का होना अनिवार्य हो जाता है। किसी अच्छी वस्तु की वास्तविकता से परिचय पाना आज के विशाल संसार में विज्ञापन के बिना नितांत असंभव है। विज्ञापन ही वह शक्तिशाली माध्यम है जो हमारी ज़रूरत की वस्तुएँ प्रस्तुत करता है, उनकी माँग बढ़ाता है और अंततः हम उन्हें जुटाने चल पड़ते हैं। यदि कोई व्यक्ति या कंपनी किसी वस्तु का निर्माण करती है, उसे उत्पादक कहा जाता है। विज्ञापन उत्पादक व उपभोक्ता को संपर्क में लाकर माँग

व पूर्ति में संतुलन स्थापित करने का कार्य करता है। आज समय तेज़ी का है। संचार-क्रांति ने जिन्दगी को गति दे दी है। मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ती जा रही हैं। इसलिए विज्ञापन मानव-जीवन की अनिवार्यता बन गया है।

(i) विज्ञापन के आलोचकों के विज्ञापन के संदर्भ में क्या विचार हैं ?

(ii) उत्पादक-उपभोक्ता संबंधों को विज्ञापन कैसे प्रभावित करता है ?

(iii) विज्ञापन मानव जीवन का अनिवार्य अंग क्यों माना जाता है ?

(iv) 'नितांत' शब्द का अर्थ लिखिए।

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

V. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

(i) निम्नलिखित विकल्पों में से 'निश्चल' और 'निश्छल' समरूपी भिन्नार्थक शब्दों के सही अर्थ के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए :

| समरूपी भिन्नार्थक शब्द | अर्थ |
|---|---|
| निश्चल | छल रहित |
| निश्छल | चंचल |
| | अटल |
| | निर्दोष |

(ii) 'जिसने ऋण चुका दिया हो' अनेक शब्दों के लिए का एक शब्द ............ होगा। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(iii) 'निंदनीय' शब्द का विलोम (विपरीत) शब्द ......... होगा। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(iv) 'बल' एक अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द है। निम्नलिखित 'क', 'ख' अथवा 'ग' में से सही अर्थों वाले विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए :

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| | (क) शिकन, पत्थर, भाग्य |
| बल | (ख) सेना, बलराम, शक्ति |
| | (ग) बलिदान, शक्ति, सेना |

(v) 'वह अध्यापिका विद्वान है।' इस अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।

## भाग - ख

2. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4 × 1 = 4

(i) बसौ मेरे नैनन में नन्द लाल।

मोहनि मूरति साँवरी सूरति नैना बनै विसाल।

मोर मुकुट मकराकृत कुंडल अरुण तिलक दिये भाल।

अधर सुधारस मुरली राजति उर वैजन्ती माल।

छुद्र घंटिका कटि तट सोभित नुपूर शब्द रसाल।

मीरा प्रभु संतन सुखदाई भक्त बछल गोपाल।।

(ii) उठ-उठ लहरें कहतीं यह-

हम कूल विलोक न पाएँ,

पर इस उमंग में बह-बह

नित आगे बढ़ती जाएँ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दें : 6 × 1 = 6

(i) 'मित्रता' निबंध के अनुसार किस प्रकार के मित्र से भारी रक्षा रहती है ?

(ii) गुरु नानक देव जी की माता का नाम क्या था ?

(iii) चौसा-युद्ध किन-किन के मध्य हुआ ? 'ममता' कहानी के आधार पर लिखिए।

(iv) विदेश में चित्रा के किस चित्र ने धूम मचायी थी ? 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर लिखिए।

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा जी ने अपने कुटुंब की तुलना किससे की है ?

(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव वाघा बॉर्डर पर किस पद पर नियुक्त था ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए : 4 × 2 = 8

(i) 'नर्स' कहानी में दूसरे दिन महेश ने माँ को घर जाने की इज़ाज़त खुशी-खुशी कैसे दे दी ?

(ii) ठाकुर शिवपाल सिंह नीम के पेड़ पर अपना अधिकार क्यों जताते हैं ? 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iii) 'ठेले पर हिमालय' निबंध में सूरज के डूबने पर सब गुमसुम क्यों हो गए थे ?

(iv) 'सदाचार का तावीज़' निबंध में साधु ने सदाचार और भ्रष्टाचार के बारे में क्या कहा ?

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में जब परेश ने दादा जी से कहा कि बेला अपनी गृहस्थी अलग बसाना चाहती है तो दादा जी ने परेश को क्या समझाया ?

(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव से मान – भरी मुद्रा में क्या कहती है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर **छह** या **सात** पंक्तियों में दीजिए : $3 \times 4 = 12$

(i) 'दो कलाकार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'ममता' कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

(iii) 'क्या वह सांचा टूट गया जिसमें ऐसे कठिन कोमल चरित्र ढलते थे।' 'राजेन्द्र बाबू' निबंध के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'मैं और मेरा देश' निबंध में लेखक ने देश के नागरिकों को चुनावों में किन बातों की ओर ध्यान देने के लिए कहा है ?

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में मँझली बहू के चरित्र की कौन-सी विशेषता सबसे अधिक दृष्टिगोचर होती है ?

## भाग – ग

6. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 4

ਛੋਟੇ ਜਿਹੇ ਪੁਸ਼ਤੈਨੀ ਮਕਾਨ ਵਿੱਚ ਰਹਿ ਰਹੀ ਬਸੰਤੀ ਨੂੰ ਦੂਰ ਸ਼ਹਿਰ ਰਹਿ ਰਹੇ ਪੁੱਤਰ ਦਾ ਪੱਤਰ ਮਿਲਿਆ – "ਮਾਂ ਮੇਰੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਕੰਪਨੀ ਵੱਲੋਂ ਬਹੁਤ ਵੱਡੀ ਕੋਠੀ ਮਿਲੀ ਹੈ, ਹੁਣ ਤੈਨੂੰ ਮੇਰੇ ਕੋਲ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿੱਚ ਆ ਕੇ ਰਹਿਣਾ ਹੀ ਪਵੇਗਾ।

## भाग – घ

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए :

(i) आपका नाम विमल प्रसाद है। आप मकान नम्बर 227, सेक्टर-22, जगाधरी में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1987642345 है। आप अपनी 2019 मॉडल की मारुति कार बेचना चाहते हैं। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'कार बिकाऊ है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए। 4

(ii) आपका नाम प्रदीप कुमार है। आप सूर्या सीनियर सेकंडरी स्कूल, पठानकोट में हिंदी के अध्यापक हैं। आप स्कूल की हिंदी-साहित्य-समिति के सचिव हैं। इस समिति द्वारा आपके स्कूल में दिनांक 11.08.2026 को 'सड़क सुरक्षा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया हो।

### भाग – ङ

8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुहावरों/लोकोक्तियों को वाक्यों में इस तरह से प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 3

(i) सफेद झूठ

(ii) तलवार की धार पर चलना

(iii) कौआ कोयल को काली कहे

(iv) नाम बड़े और दर्शन छोटे

### भाग – च

9. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : 7

(i) आपका नाम राज कपूर है। आप वेदान्त हाई स्कूल, गंगानगर में दसवीं कक्षा में पढ़ते हैं। आपका रोल नंबर 05 है। आप कक्षा में मॉनिटर हैं। आप अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल में अधिक से अधिक खेलों का सामान मँगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन/प्रार्थना पत्र लिखिए।

(ii) आपका नाम नरगिस है। आप कोठी नंबर 246, प्रभात नगर, मुम्बई में रहती हैं। आपका मोबाइल नंबर 7849947623 है। अपने क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक की ओर ध्यान दिलाते हुए आप अपनी ओर से मुम्बई के मशहूर समाचार पत्र 'जन चेतना' के मुख्य संपादक के नाम पत्र लिखिए।

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 7

(i) अपने नये घर में प्रवेश

(ii) जनसंचार के माध्यम

(iii) जीवन में परिश्रम का महत्त्व

## भाग - छ

11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें : 5

(i) मान लीजिए आपका नाम मीना कुमारी है। आपका पता है – मकान नम्बर – 267, सेक्टर – 21, अम्बाला है। आपको गाड़ी संख्या - 2901, शताब्दी एक्सप्रेस से दिनांक 05.05.2026 को दिल्ली से मुम्बई तक यात्रा करनी है। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :

**गाड़ी संख्या और नाम : 2901, शताब्दी एक्सप्रेस**

यात्रा की तारीख : ..........................

यात्रा आरंभ करने का स्टेशन : ............ से ............ स्टेशन (यात्रा समाप्ति) तक आरक्षण

नाम व पता ..............................................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर : ..........................

(ii) मान लें कि आपका नाम राजेन्द्र कुमार है। आपका 'भारत बैंक', शाखा : पानीपत में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 254532681 है। आपको अपने इस खाते में 19,000/- रुपये जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें :

**भारत बैंक, शाखा : पानीपत**

**बैंक में रुपये जमा करवाने के लिए प्रपत्र**

जमा बचत खाता नम्बर ............................... जोकि ...............................

के नाम से है, में रुपये ............................... (रुपये अंकों में) ...............................

(रुपये शब्दों में) जमा करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर : ..........................